प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन

18.45 शनिवार दिनांक 19.10.2024

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

और अब पेश है आज के मुख्य समाचारः–

1– नारायणपुर जिले में माओवादियों द्वारा लगाए गए आईईडी की चपेट में आने से आईटीबीपी के दो जवान शहीद–जिला पुलिस बल के दो जवान घायल हुए।

2– प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल अंबिकापुर के दरिमा स्थित मां महामाया एयरपोर्ट का वर्चुअली शुभारंभ करेंगे।

3– छत्तीसगढ़ पुलिस को ‘‘राष्ट्रपति का पुलिस ध्वज’’ प्रदान किया जाएगा।

4– मावली माता की डोली और मां दन्तेश्वरी के छत्र की विदाई के साथ आज संपन्न हुआ बस्तर दशहरा।

....................................................

जवान शहीद

नारायणपुर जिले में आज माओवादियों द्वारा किए गए आईईडी विस्फोट में भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल–आईटीबीपी के दो जवान शहीद हो गए हैं। वहीं, दो अन्य जवान घायल हुए हैं।

हमारे संवाददाता ने बताया कि ओरछा थाना क्षेत्र के मोहंदी और इरकभट्‌टी से आईटीबीपी, बीएसएफ और डीआरजी की संयुक्त टीम तलाशी अभियान के लिए निकली थी। वापसी के दौरान जवान ग्राम कोडलियर के पास जंगल में माओवादियों द्वारा लगाए गए आईईडी की चपेट में आ गए।

घटना में घायल जवानों को बेहतर इलाज के लिए एयरलिफ्ट कर राजधानी रायपुर लाया गया है।

उधर, बीजापुर जिले के ग्राम उसूर में सार्वजनिक वितरण प्रणाली की दुकान में चावल बांट रहे एक युवक की अज्ञात लोगों ने हत्या कर दी है। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है।

.....................................................

प्रधानमंत्री–महामाया एयरपोर्ट शुभारंभ

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल बीस अक्टूबर को अंबिकापुर के दरिमा स्थित मां महामाया एयरपोर्ट का वर्चुअली शुभारंभ करेंगे। दरिमा में आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल रमेन डेका और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल होंगे। इस एयरपोर्ट को तिरालीस करोड़ रूपए की लागत से तैयार किया गया है। प्रदेश में राजधानी रायपुर के बाद रनवे की लंबाई के हिसाब से यह दूसरा बड़ा एयरपोर्ट है। और अधिक जानकारी दे रहे हमारे सरगुजा संवाददाता –

.....................................................

राष्ट्रपति पुलिस ध्वज–सम्मान

छत्तीसगढ़ पुलिस को ''राष्ट्रपति का पुलिस ध्वज'' प्रदान किया जाएगा। यह विशेष ध्वज देश के चुनिंदा राज्यों की पुलिस इकाइयों को दिया जाता है, जो पच्चीस वर्षों की अनुकरणीय सेवा और राष्ट्र के प्रति समर्पण का प्रतीक है। छत्तीसगढ़ पुलिस ने नक्सल मोर्चे पर साहस और दृढ़ता के साथ कठिन चुनौतियों का सामना करते हुए यह सम्मान अर्जित किया है। इस सम्मान के साथ पुलिस बल के जवान अब इस ध्वज की प्रतिकृति को अपनी वर्दी पर प्रतीक चिन्ह के रूप में धारण कर सकेंगे, जो उनके शौर्य और सेवा का प्रतीक होगा। गौरतलब है कि राष्ट्रपति ध्वज किसी भी पुलिस या सैन्य बल के लिए सर्वोच्च मान्यता मानी जाती है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस उपलब्धि के लिए पुलिस बल को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि यह सम्मान छत्तीसगढ़ पुलिस के साहस, अनुशासन और देशभक्ति का प्रमाण है।

राज्य के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, नक्सल ऑपरेशन विवेकानंद सिन्हा ने आकाशवाणी समाचार से बातचीत करते हुए बताया कि यह सम्मान छत्तीसगढ़ पुलिस के लिए गर्व की बात है।

.....................................................

केन्द्रीय राज्यमंत्री–विकास परियोजना

केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू ने कल नई दिल्ली में सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की। इस दौरान श्री साहू ने राज्य सरकार द्वारा प्रस्तुत तेरह महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं के लिए एक हजार तीन सौ तिरासी करोड़ रूपए की विकास परियोजनाओं के प्रस्तावों को मंजूरी देने का अनुरोध किया। उन्होंने छत्तीसगढ़ के लिए प्रस्तावित नये राष्ट्रीय राजमार्गों की घोषणा करने का भी आग्रह किया।

....................................................

वन खेलकूद–प्रतियोगिता

रायपुर में चल रही सत्ताईसवीं अखिल भारतीय वन खेलकूद प्रतियोगिता में अब तक एक सौ एक मेडल जीतकर छत्तीसगढ़ पहले स्थान पर हैं। छत्तीसगढ़ इस प्रतियोगिता में अभी तक इंक्यावन स्वर्ण, सत्ताईस रजत और तेईस कांस्य पदक जीतकर अपना दबदबा कायम रखा है। वहीं, केरल साठ पदक के साथ दूसरे और मध्यप्रदेश की टीम सैंतीस पदक जीतकर तीसरे स्थान पर है। इस प्रतियोगिता का समापन कल राजधानी रायपुर के कोटा इलाके में स्थित स्वामी विवेकानंद स्टेडियम में होगा। समापन समारोह में विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह शामिल होंगे। इस अवसर पर ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर भी उपस्थित रहेंगी।

इस प्रतियोगिता में उनतीस राज्यों और दस केंद्र शासित प्रदेशों के करीब तीन हजार खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता के तहत छब्बीस खेलों की स्पर्धाएं हो रही हैं।

....................................................

बस्तर दशहरा–समापन

पचहत्तर दिनों तक चलने वाले विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरा पर्व का आज शक्तिपीठ दन्तेवाड़ा से आई मावली माता की डोली और मां दन्तेश्वरी के छत्र की विदाई के साथ समापन हो गया। राजपरिवार के सदस्य

कमलचंद भंजदेव ने मावली माता की डोली और मां दंतेश्वरी के छत्र की विधि–विधान से पूजा–अर्चना की। वहीं, पुलिस जवानों ने माई जी को इक्कीस तोपों की सलामी दी।

गौरतलब है कि बस्तर दशहरे की शुरूआत श्रावण मास की अमावस्या तिथि को पाट जात्रा विधान के साथ हुई थी।

.................................................

जवान–आत्महत्या

एसईसीएल बिलासपुर की मेगा कुसमुंडा परियोजना में तैनात त्रिपुरा राइफल्स के जवान आजाद सिंह ने स्वयं को गोली मारकर आत्महत्या कर ली है। एसईसीएल के जनसंपर्क अधिकारी ने बताया कि मृतक जवान पारिवारिक विवाद के चलते तनाव में रहता था। उन्होंने बताया कि बीती रात ड्यूटी के दौरान जवान ने अपनी सर्विस रायफल एके–सैंतालीस से स्वयं को गोली मार ली। घटना की सूचना एसईसीएल के उच्च अधिकारियों को दे दी गई है। वहीं, कुसमुंडा पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। मृतक प्रहरी राजस्थान का रहने वाला था।

.................................................

अमन साहू–रिमांड

रायपुर के तेलीबांधा इलाके में हुए एक गोलीकांड के मुख्य आरोपी झारखंड के अमन साहू को पुलिस ने आज रिमांड खत्म होने के बाद रायपुर की विशेष अदालत में पेश किया, जहां से अदालत ने उसे अट्ठाईस अक्टूबर तक जेल भेज दिया है। बताया गया है कि पुलिस ने अमन साहू की और रिमांड नहीं मांगी।

.................................................

ऑक्सीजन गैस सिलेंडर–गिरोह

दुर्ग पुलिस ने ऑक्सीजन सिलेंडर चोरी करने वाले गिरोह के दस सदस्यों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से एक सौ तीन नग ऑक्सीजन सिलेंडर जब्त किया गया है। जब्त सिलेंडर की कीमत दस लाख रूपए से अधिक बताई गई है। आरोपी कंपनी से सिलेंडर चोरी कर रायपुर में बेचा करते थे।

....................................................

केशकाल घाटी–मरम्मत

राजधानी रायपुर से बस्तर को जोड़ने वाली केशकाल घाटी की सड़कों के रखरखाव का कार्य शीघ्र शुरू होगा। इसके लिए प्रशासन द्वारा रूट डायवर्ट की तैयारी की जा रही है। केशकाल घाटी में सड़कों के रखरखाव का कार्य पूर्ण होने तक डायवर्ट मार्ग से ही आवागमन होगा।

गौरतलब है कि केशकाल घाटी की सड़कों की हालत खराब होने के कारण आए दिन वाहनों की लंबी–लंबी कतारें लगी रहती हैं और घंटों सड़कें जाम हो जाती है।

....................................................

मौसम

और अब पेश है मौसम का हाल...

मौसम विभाग के अनुसार छत्तीसगढ़ के दक्षिणी भाग में नमी का आगमन लगातार जारी है। इसके कारण बस्तर संभाग के कुछ स्थानों में गरज–चमक के साथ हल्की वर्षा हो सकती है। एक–दो स्थानों पर वज्रपात होने की संभावना है।

वहीं, राज्य के उत्तरी भाग में न्यूनतम तापमान में थोड़ी गिरावट आ सकती है।

....................................................

संक्षिप्त

और अब कुछ समाचार संक्षेप में ...

– मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को आज रायपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी का सक्रिय सदस्यता बनाया गया। इस अवसर पर मंत्री टंकराम वर्मा, विधायक पुन्नूलाल मोहले सहित पार्टी पदाधिकारी उपस्थित थे।

– उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा आज कवर्धा में आयोजित स्वदेशी मेला में शामिल हुए।

– कोरबा जिले में जाटगा थाना क्षेत्र के धनुहार के जंगल में भालू के हमले से बकरी चराने गए एक युवक की मौत हो गई।

– गरियाबंद जिले के ग्राम टांगरान में आज आकाशीय बिजली गिरने से एक युवक की मौत हो गई।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>